# अफसरों ने भरवा दिए ओवरब्रिज के गड्ढे

## छह करोड़ के ओवरब्रिज पर गड्ढों की वजह से हो रहे थे हादसे





6 करोड़ के ओवरब्रिज में गड्ढे, सरिये निकले

लापरवाही की इंतहा : कुछ माह पहले गड्ढों की वजह से एक महिला की हो चुकी मौत

अदनान खान. नवभारत

सलामतपुर. 07 अगस्त. भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 स्थित सलामतपुर रेलवे फाटक पर बनाया गए रेलवे ओवरब्रिज पर हुए 8-8 इंच गहरे गड्ढों की वजह से वाहन चालक अपनी जान गवां रहे हैं. इतना सब होने के बाद भी ज़िम्मेदार एमपीआरडीसी विभाग के अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं. जबकि गड्ढों के कारण ब्रिज पर आए दिन हादसे हो रहे हैं.

2013 में बनकर तैयार हुआ था रेलवे ओवरब्रिज

इस ब्रिज का निर्माण वर्ष 2011 में मध्य प्रदेश ब्रिज कारपोरेशन द्वारा 6 करोड़ की लागत से कराया गया था. यह ब्रिज 2013 में बनकर तैयार हुआ था. अपने बनने के साथ ही यह विवादों में आ गया था. ब्रिज कारपोरेशन के तत्कालीन एसडीओ जो अब सेवानिवृत हो चुके हैं को आपति थी की जिस एरिया में ब्रिज बनाया जा रहा है, वह क्षेत्र ब्लैक कॉटन स्वाइल क्षेत्र है. ब्रिज के पिलर की गहराई कम रखी गयी है, पुल धीरे धीरे धसक जाएगा. लेकिन ब्रिज बना रहे ठेकेदार जो तत्कालीन केंद्रीय मंत्री के खासम खास थे के ऊँचे रसूख के चलते तत्कालीन एसडीओ की नही सुनी गई तो उन्होंने दुखी होकर अपना स्थानांतरण करा लिया था. पिछले 11 सालों में एमपीआरडीसी कई बार रेलवे ओवरब्रिज की मरम्मत करा चुकी है. लेकिन अब फिर ब्रिज में गहरे गड्ढे होने के साथ ही दोनों ओर की रैलिंग भी टेढ़ी होकर धसक रही है. आलम यह है कि ब्रिज पर इतनी दुर्घटना होने लगी है कि कई झोलाछाप डॉक्टरों व अस्पतालों ने तो ब्रिज पर लिखवा दिया है कि दुर्घटना होने पर संपर्क करें.

रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य घटिया स्तर का किया गया था. जिसकी वजह से कुछ साल में ही रेलवे ओवर ब्रिज में जगह जगह 8-8 इंच तक गहरे गड्ढे हो गए हैं और रेलिंग भी धसक कर आड़ी हो गई है. इसी कारण ब्रिज पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है, यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है.
– रघुवीर सिंह मीणा, सरपंच ग्रापं. राताताली

▸ नवभारत की खबर का असर


नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 8 अगस्त. भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के सलामतपुर रेल्वे ओवरब्रिज की सड़क में हुए 8-8 इंच गहरे गड्ढों की वजह से राहगीर आए दिन हादसे का शिकार हो रहे थे.**

इन गड्ढों में पानी भर जाता है तो वाहन चालकों को गड्ढे होने का अंदाज़ नही लग पाता था. और वह दुर्घटना का शिकार हो जाते थे. इस जन समस्या की खबर 8 अगस्त को दैनिक नवभारत समाचार पत्र ने 6 करोड़ के ओवरब्रिज में गड्ढे, सरिये निकले शीर्षक के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया था. खबर प्रकाशित होने के बाद ज़िम्मेदार नींद से जागे और इन गहरे गड्ढों की मरम्मत डामर से कर उन्हें बंद कर दिया गया है. स्थानीय रहवासी साजिद खान, रातातलाई सरपंच रघुवीर सिंह मीणा, अशोक त्रिपाठी, प्रदीप यादव, संजीव यादव, हसन मंसूरी, दीपक अहिरवार, महेश सेन ने समस्या का समाधान होने पर दैनिक नवभारत समाचार पत्र का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि रेलवे ओवरब्रिज पर हुए 8-8 इंच गहरे गड्ढों के कारण प्रतिदिन मोटरसाइकिल चालक और पैदल राहगीर गिर कर घायल हो रहे थे. बारिश का मौसम शुरू होने के बाद समस्या और बढ़ गई थी. क्योंकि सड़क के गड्ढों में पानी भर गया, जिससे गड्ढे होने का पता नहीं चल पाता है. कई बार शिकायत के माध्यम से ज़िम्मेदार अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बाद भी गड्ढों का पैचवर्क तक नहीं किया जा रहा था. लेकिन दैनिक नवभारत अखबार में खबर लगने के बाद स्टेट हाइवे एमपीआरडीसी के ज़िम्मेदार अधिकारी नींद से जागे और गुरुवार को गड्ढों की मरम्मत कर बंद कर दिया गया है.

# डेम के गेट से पानी का रिसाव रोकने बांध दी पन्नी

**जल संसाधन विभाग का अजीबोगरीब कारनामा**



नवभारत न्यूज

**रायसेन, 8 अगस्त. जल संसाधन विभाग के साडौरा के डेम के गेट से पानी का रिसाव हो रहा है. विभाग के कर्मियों ने गेट में प्लास्टिक की तिरपानी यानी पन्नी को बांधकर पानी के रिसाव को रोक्ने की कोशिश की.**

ग्रामीणों ने बताया कि डेम के पानी से आसपास के खेतों में गेहूं सहित अन्य फसलों की सिंचाई होती है. वर्तमान में डेम में बारिश का पानी भरा हुआ है, अगर गेट से हो रहे पानी के रिसाव को नहीं रोका गया तो फसलों की सिंचाई के समय डेम खाली हो जाएगा और फसलों की सिंचाई नहीं हो पाएगी. ग्रामीणों का कहना है कि इस गेट से तीन साल से पानी का रिसाव हो रहा है. इस संबंध में विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत की गई, लेकिन गेट से हो रहे पानी के रिसाव को रोकने स्थायी इंतजाम नहीं किए गए. इस डैम से मानपुर, बरनी, सोडरा, सुनहरा कई गांव के खेतों की फसलों की सिंचाई होती है. ग्रामीणों ने शीघ्र ही स्थायी रूप से पानी का रिसाव रोकने की मांग जिला प्रशासन और जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों से की है.

▸ एक नजर में ◂

### आलोक रघुवंशी अध्यक्ष, उमेश चौबे बने उपाध्यक्ष

**बम्होरी.** मध्य प्रदेश पत्रकार संघ का गठन किया गया है, जिसमें संरक्षक श्रीराम सेन, अध्यक्ष आलोक रघुवंशी, उमेश चौबे, उपाध्यक्ष मदन वर्मा कोषाध्यक्ष, देवेश पांडे सचिव, राजेंद्र तिवारी सह सचिव, मनीष रघुवंशी प्रचार मंत्री, विनोद मांड्रे उपाध्यक्ष, नरेंद्र राय सदस्य, बृजमोहन रघुवंशी सदस्य, फारूक मंसूरी सदस्य, दीपक मेहरा, मनीष नामदेव को सदस्य मनोनीत किया. आलोक रघुवंशी के लिए सभी ने बधाई दी. इस अवसर पर सदस्यों ने शपथ ली कि हम संगठन के अंदर अच्छे कार्य करेंगे जिससे मध्य प्रदेश के अंदर जो भी आजकल पत्रकारों के साथ हो रहा है वह ना हो. इसकी आवाज भोपाल से लेकर दिल्ली तक उठाई जाएगी.

### पूर्व थाना प्रभारी सुरेन्द्र तिवारी को दी श्रद्धांजलि



**बाड़ी.** बाड़ी पुलिस थाने के पूर्व थाना प्रभारी सुरेन्द्र तिवारी का निधन हो गया, उनके निधन से बाड़ी नगर में शोक छा गया. पूर्व थाना प्रभारी तिवारी के कार्यकाल में क्षेत्र के अपराधियों में पुलिस का खौफ रहता था. वह किसी भी समय अपनी टीम के साथ भ्रमण पर निकल जाते थे. वह कभी थानेदार के रूप में तो कभी शिक्षक के रूप में भी लोगों को समझाइश देते थे.

### कलेक्टर ने की कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

**रायसेन.** ग्राम उमरिया में बनने वाली रेलवे कोच निर्माण इकाई का 10 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा शिलान्यास किया जाएगा. औबेदुल्लागंज स्थित दशहरा मैदान में आयोजित होने वाले इस शिलान्यास कार्यक्रम के लिए की जा रहीं तैयारियों की कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा शुक्रवार को औबेदुल्लांज में समीक्षा की गई. उन्होंने कार्यक्रम आयोजन की तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

# साहू समाज को सम्मेलन का निमंत्रण

**▸ इंदौर में होगा युवक-युवती परिचय सम्मेलन**



**बेगमगंज, 8 अगस्त. तैलिक साहू राठौर महासभा मध्य प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट भावना साहू ने इंदौर में होने वाले अखिल भारतीय तैलिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया.**

यह सम्मेलन 10/1, रेसकोर्स रोड, अभय प्रशाल इंदौर में आयोजित होगा. भावना साहू शुक्रवार को कर्मा पलकमती सामाजिक उत्थान समिति के कार्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने सर्वप्रथम मां कर्मा देवी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना की. इसके बाद समिति कार्यालय में उनका जोरदार स्वागत किया गया. बेगमगंज साहू समाज की ओर से उन्हें भगवान श्रीराम जी का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित स्वजातीय बंधुओं को सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया. उन्होंने समाज के उत्थान, एकता और प्रगति के लिए चलाए जा रहे विभिन्न प्रयासों की जानकारी दी तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया. साथ ही कर्मा पलकमती के मंदिर और उससे जुड़ी गतिविधियों के विकास पर भी चर्चा की.

बैठक का संचालन बीडी साहू ने किया. इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष हरी साहू ने सभी उपस्थित लोगों का परिचय प्रदेश अध्यक्ष से करवाया.

### स्कूली बच्चों ने बनाई रंग-बिरंगी राखियां

**सिलवानी.** ज्ञान सागर मिडिल स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए रंग-बिरंगी एवं आकर्षक स्वदेशी राखियों का निर्माण किया. प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया. संस्था के संचालक प्रदीप कुशवाहा ने बच्चों को राखी के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व के बारे में जानकारी दी. उन्होंने सभी पालकों से निवेदन किया कि वे बाजार में मिलने वाली विदेशी राखियों की बजाय घरेलू स्वदेशी राखियों को ही प्राथमिकता दें और बच्चों को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करें.

# बहन से राखी बंधवाने जा रहे भाई की मौत

## बड़ोदरा गुजरात से बस से पन्ना जा रहा था युवक

**सलामतपुर. 08 अगस्त. रक्षाबंधन से पहले ही बड़ी बहन से राखी बंधवाने घर जा रहे इकलौते भाई की बस से उतरते समय बीमारी से मौत हो जाने पर बहन का रो-रोकर बुरा हाल है. यह हादसा बड़ोदरा गुजरात शहर से पन्ना जा रही विजय विक्रम ट्रेवल्स बस में बेरखेड़ी चौराहे पर हुआ है.**

सलामतपुर पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति की बस में सफर के दौरान खाना खाने के लिए ढाबे पर उतरते समय बीमारी से मौत हो गई है. सूचना मिलते ही बेरखेड़ी चौराहे के गुरुनानक ढाबे पर पहुंचे तो विजय विक्रम ट्रेवल्स बस एमपी 19 पी 1772 के कंडक्टर पुष्पेंद्र ने बताया कि बस में बुधवार को बड़ोदरा गुजरात से रामपाल पटेल पिता अर्जुन पटेल निवासी हीरापुर जिला पन्ना जाने के लिए सवार हुआ था. गुरुवार को रास्ते में जब बेरखेड़ी चौराहे के गुरुनानक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके तो रामपाल पटेल भी खाना खाने उतरे तो उनकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग का मामला कायम कर शव का पोस्टमार्टम सांची सिविल अस्पताल में कराने के बाद शुक्रवार को शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया. रामपाल पटेल बड़ोदरा गुजरात की किसी फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था. वह रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए बुधवार के दिन फैक्ट्री से छुट्टी लेकर अपने घर हीरापुर जिला पन्ना जा रहा था. रामपाल पटेल की एक ही बड़ी बहन लीलावती पटेल है. जो रक्षाबंधन त्यौहार की वजह से अपने घर आ गई थी और घर पर भाई के आने के इंतज़ार में बैठी थी. लेकिन भाई तो घर नहीं पहुंचा, उसकी मौत की खबर ज़रूर घर पहुंच गई. और उसकी मां का देहांत भी हो चुका है.

**इनका कहना है...**

बस में सवार होकर बड़ोदरा गुजरात से हीरापुर पन्ना जा रहे रामपाल पटेल की बेरखेड़ी चौराहे पर खाना खाने के लिए ढाबे पर उतरते समय बीमारी की वजह से मौत हो गई. मर्ग का मामला कायम कर जांच में लिया है. वहीं पीएम के बाद शव शुक्रवार को परिजनों को सौंप दिया है.

दिनेश सिंह रघुवंशी,
थाना प्रभारी सलामतपुर.

### 15 लोगों का जत्था उमरा के लिए रवाना



**बेगमगंज, 8 अगस्त. मजहबे इस्लाम का एक अहम रुक्न उमरा यात्रा जिसे आम बोलचाल की भाषा में छोटा हज भी कहते हैं.**

उसे अदा करने के लिए शहर से 15 महिला पुरुष मरकज वाली मस्जिद से दुआ के साथ रवाना किए गए. उमरा के सफर पर जाने वालों में मरकज मस्जिद हल्के से मो. इमरान खां अपनी मां और पत्नी के साथ, व अब्दुल्ली भाई अपनी पत्नी के साथ, मस्जिद बिलाल हल्के से मोहम्मद इस्लाम सौदागर अपनी पत्नी के साथ, मंडी मस्जिद हल्के से हाजी रफीक खलीफा उनकी पत्नी बेटा हसीब खलीफा व बहु, मौलाना गय्यूर खा, शेख इश्तियाक खां आदि रवाना हुए.

### रक्षाबंधन पर भीड़, बसों में नहीं मिली जगह

**रायसेन.** रक्षाबंधन के त्योहार पर शुक्रवार को रायसेन शहर में भारी भीड़ उमड़ी. बाजारों में दिनभर चहल-पहल रही, वहीं बस अड्डों और प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था लड़खड़ा गई. यात्रियों को बसों में जगह तक नहीं मिली, जिससे कई लोगों को मजबूरी में ऑटो से सफर करना पड़ा. त्योहार को लेकर बसों में भारी भीड़ देखने को मिली. कई बसों में तो यात्रियों को गेट पर खड़े होकर सफर करना पड़ा. स्थिति यह रही कि सागर तिराहे पर कई बसें सवारी लिए बिना ही निकल गईं, जिससे यात्रियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा. बसें न रुकने के कारण यात्रियों ने ऑटो का सहारा लिया.

# कबड्डी व खो-खो में बच्चों ने दिखाया जोश

## ब्लॉक स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन





**बेगमगंज, 8 अगस्त. सांदीपनि विद्यालय, बेगमगंज के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम सौरभ मिश्रा, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी तथा हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र सिंह तोमर रहे. कार्यक्रम की शुरुआत खिलाड़ियों से परिचय के साथ हुई. अतिथियों ने एक-एक कर सभी टीमों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. प्रतियोगिता में नवअंकुर विद्यालय, शासकीय सांदीपनि विद्यालय बेगमगंज, हाई स्कूल मारखड़ी, सरस्वती विद्या मंदिर तथा महर्षि कान्वेंट स्कूल सहित कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की. कार्यक्रम का सफल संचालन और आयोजन सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य बृजेश चौहान द्वारा किया गया. पीटीआई रामगोपाल नेमा एवं विक्रम सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने अनुशासित ढंग से खेलों में भाग लिया.


### स्कूली बच्चों ने बनाई रंग-बिरंगी राखियां

**सिलवानी.** ज्ञान सागर मिडिल स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए रंग-बिरंगी एवं आकर्षक स्वदेशी राखियों का निर्माण किया. प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया. संस्था के संचालक प्रदीप कुशवाहा ने बच्चों को राखी के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व के बारे में जानकारी दी. उन्होंने सभी पालकों से निवेदन किया कि वे बाजार में मिलने वाली विदेशी राखियों की बजाय घरेलू स्वदेशी


# बच्चों को पढ़ा रहे हैं म से मस्जिद

**▸ एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने निजी स्कूल में किया प्रदर्शन**





**रायसेन, 8 अगस्त. रायसेन के एक निजी स्कूल में नर्सरी के बच्चों को कर से काबा मन से मस्जिद ना से नमाज और उसे औरत पढ़ाए जा रहा है जो कि हिजाब में था जैसे शब्द पढ़ाए जा रहे हैं इसीलिये कल शुक्रवार को परिजनों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यानी एबीवीपी के कार्य कर्ताओं ने स्कूल में हंगामा कर दिया.**

बच्चों के माता-पिता और कार्यकर्ताओं ने इसे सनातन संस्कृति के खिलाफ बताया है. इस दौरान निजी स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि आदमी से मस्जिद के स्थान पर आदमी से मंदिर भी पढ़ाया जा सकता है. इस पर कार्यकर्ता भड़क गए कार्यकर्ताओं ने स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को फोन पर शिकायत दर्ज कराई. हंगामा की सूचना पर थाना कोतवाली प्रभारी नरेंद्र गोयल मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला.

विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अश्विनी पटेल ने कहा कि हिंदू संस्कृति और सनातन परंपरा के खिलाफ है एक षड्यंत्र है. जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक का कहना है कि इस प्रकार का कोई पत्ती पहाड़ा है तो जांच कराई जायेगी. स्कूल की मान्यता रद्द करने के लिए जेडी को पत्र लिखेंगे.

**जल संरक्षण ▸ मंत्री प्रहलाद पटेल ने की नदी संरक्षण की अपील**

# तेंदोनी नदी के उद्गम स्थल पर मंत्री प्रहलाद ने किया पूजन



**सिलवानी, 8 अगस्त. जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली आदिवासी अंचल ग्राम पंचायत सेमरा खास में शुक्रवार को जल गंगा अभियान के तहत ग्राम सेमरा खास स्थित तेंदोनी नदी के उद्गम स्थल पर मध्य प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस अवसर पर नदी संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए मंत्री पटेल ने कहा कि मनुष्य ने उद्गमों और नदियों को सुखा दिया है, अब समय आ गया है कि हम इन्हें पुनर्जीवित करें. मंत्री पटेल ने कहा मैं स्वयं दो बार इस निर्जल (नर्मदा) नदी की परिक्रमा कर चुका हूँ.

तेंदोनी नदी को बारहमासी बनाने के प्रयास होने चाहिए. उद्गमों और नदियों को बचाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इनके उद्गम स्थानों पर अपूर्व ऊर्जा का संचार होता है. उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन होना चाहिए, जिसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है. मंत्री ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे नदी और उसके उद्गम स्थल की रक्षा के लिए आगे आएं और जल स्रोतों को संरक्षित रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं. इस अवसर पर भाजपा नेता दुर्गेश राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक रघुवंशी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

# सचिन कण्ड्या की स्मृति में श्मशान घाट में तार फैंसिंग



**बेगमगंज, 8 अगस्त. नगर के प्रसिद्ध सराफा व्यापारी एवं समाज व धर्मसेवी संतोष कण्ड्या के छोटे पुत्र सचिन गोलू कण्ड्या का आकस्मिक निधन होने से शोक की लहर दौड़ गई थी.**

उनकी अंतिम यात्रा में सभी समुदायों के वरिष्ठजनों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर उन्हें आंसूपूरित विदाई दी थी. अब उनकी स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिए उनके पिता संतोष कण्ड्या ने शुक्रवार से श्मशान घाट के चारों ओर तार फैंसिंग के साथ अन्य निर्माण कार्य तथा बड़े स्तर पर फल एवं छायादार पौधों का रोपण शुरू करा दिया है. उन्होंने बताया कि उनके छोटे पुत्र सचिन उर्फ गोलू कण्ड्या की स्मृति को स्थाई रखने के उद्देश्य से आज से ही काम शुरू कराया है.